## खबर संक्षेप



### प्रथम नवरात्रि से शुरू होगा नया संवत

**घरौंडा।** आचार्य मणि प्रसाद गौतम ने कहा कि चैत्र मास का शास्त्रीय प्रकृतिक सनातन का नया साल का प्रारम्भ 9 अप्रैल चैत्र की प्रथम नवरात्रि को हो रहा है। जोकि इस सृष्टि में हम सब की दृष्टि जहां तक जाती है, वास्तविकता नए साल का संकेत मिलता है। रविवार को आचार्य मणि प्रसाद 9 अप्रैल से शुरू हो रहे नवरात्री व नए साल पर देवी मंदिर में श्रद्धालुओं कर प्रवचन कर रहे थे। नवरात्रि को लेकर मंदिरों को सजाने की तैयारी चल रही है। श्रद्धालुओं को नवरात्रि व चैत्र मास के नए साल की हार्दिक शुभकामनायें देते हुए कहा कि जैसे नई फसल आना, फूल खिलना ओर मधुमखी पुष्पों से रस ले जाना, नई उमंग, नया मौसम और विधार्थी नए कक्षा में जाते।



इंद्री के गांव टपरियों मे लगे रक्तदान शिविर मे रक्तदाता व आयोजक ।

### रक्तदान शिविर मे किया 73 लोगों ने रक्तदान

**इंद्री।** स्व . श्रीमति राम प्यारी की याद में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन धर्मशाला,गांव टपरियों की धर्मशाला में किया गया। इस शिविर के लिए लगभग 85 लोगों ने रजस्ट्रैशन करवाया और 73 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

### इंडी गठबंधन प्रत्याशी के लिए स्वीटी ने मांगे वोट

**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी ने गांव तिगरी में दौरा कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ सुशील गुप्ता के लिए वोट की अपील की। स्वीटी रंगा ने बताया कि प्रदेश की जनता बना चुकी है कि अबकी बार देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनानी है। कि इस बार हरियाणा से 10 की 10 लोकसभा सीटे इंडिया गठबंधन जीतेंगा।

एसडीएम अनुभव मेहता ने किया मौका निरीक्षण

# करनाल विस के बूथ 90 और 92 में बनेंगे सहायक बूथ

चुनाव आयोग ने जिन बूथों पर 1500 से अधिक वोटर हैं, वहां सहायक बूथ बनाने के निर्देश दिए हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आगामी लोकसभा व करनाल विधानसभा के उपचुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग मतदाताओं की सहूलियत के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। चुनाव आयोग ने जिन बूथों पर 1500 से अधिक मतदाता हैं, वहां सहायक बूथ बनाने के निर्देश दिए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव तथा विधानसभा करनाल के उपचुनाव को देखते हुए एसडीएम करनाल अनुभव मेहता ने भी सम्बंधित मतदान केन्द्रों में सहायक बूथ बनाने को लेकर समीक्षा की और स्थानीय कर्ण विहार स्थित आजाद हाई स्कूल के बूथ नम्बर 90 और 92 का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया कि बूथ नम्बर 90 और 92 पर मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक है, ऐसे में मुख्य बूथ के साथ ही सहायक बूथ बनाए जा रहे हैं। इन बूथों के नम्बर मुख्य बूथ वाला ही रहेगा। केवल ए,बी,सी जोड़ दिया जाएगा।




राजनीतिक दलों को भी जिला प्रशासन ने अवगत करा दिया है ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की कोई दक्कित न हो। इस प्रकार बूथ नम्बर 90 ए और 92 ए दो सहायक बूथ बनाए जा रहे है, जोकि आजाद हाई स्कूल के परिसर में ही स्थापित होगें। बढ़ाए गए बूथों पर सभी सुविधाएं होगी। मतदाता पर्चियां भी उसी हिसाब से निकलेंगी। गौरतलब है कि आयोग का उद्येश्य है कि बूथों पर मतदाताओं को अधिक देर तक न खड़ा होना पड़े। तुरंत वोट डालकर अपने घर जाएं। इसी को देखते हुए ये नर्णिय लिया है। इस मौके पर उप जिला नर्विाचन अधिकारी एवं नगराधीश शुभम सहित विभन्नि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, जिनमें बीएसपी से रमेश, प्रमोद कुमार, जेजेपी से राकेश संधु, बीजेपी से राजबीर शर्मा, कांग्रेस से जोगनद्रि, राजनद्रि कुमार शामिल रहे तथा चुनाव कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## शिविर में 129 लोगों ने किया रक्तदान

■ तरावड़ी पत्रकार एकता मंच रक्तदान शिविर को आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। विधायक धर्मपाल गोंदर रक्तदाताओं को बैच व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित करते हुये। फोटो : हरिभूमि

तरावड़ी पत्रकार एकता मंच द्वारा शहर के सरकारी अस्पताल में लगाए गए रक्तदान शिविर में 129 लोगों ने रक्तदान कर शहर में रिकॉर्ड कायम किया। इससे पहले भी शहर में रिकॉर्ड रक्तदान मंच के नाम ही दर्ज है। सुबह रक्तदान शुरू होने के साथ ही रक्तदान करने वाले लोगों का तांता अस्पताल में लगा रहा। यही नहीं भीड़ अधिक होने के कारण कई रक्तदाता समय के अभाव में बिना रक्त दिए ही वापस लौट गए। इस दौरान विधायक धर्मपाल गोंदर, नगर पालिका प्रधान वीरेंद्र बंसल, अनिल गुप्ता व मंडी प्रधान शीशपाल गुप्ता, शिवनाथ कपूर सहित कहीं गणमान्य लोग रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाने पहुंचे। इस दौरान विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि रक्तदान के प्रति लोगों की जागरूकता पहले के मुकाबले काफी बढ़ी है, लेकिन जागरूकता अभी और बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि हमारा दिया रक्तदान किसी का जीवन बचाने का काम कर सकता है यही नहीं प्रसव के दौरान गरीब महिलाओं व जिला के बड़ी संख्या में थैलेसीमिया ग्रसित गरीब बच्चों को यह खून जीवन दान देता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति रक्तदान करता है वह निरोगी रहता है।

### शांतिवन गोपाल गोशाला के प्रधान बने राकेश

**तरावड़ी।** रविवार को शांतिवन गोपाल गौशाला में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अ ध्य क्ष ता गौशाला के संरक्षक सतपाल गुप्ता ने की।



बैठक में प्रधान नाथीराम गुप्ता ने अपने कार्यकाल के पिछले साल का लेखा-जोखा प्रस्तुत करके अपने पद से इस्तीफा दे दिया। और अपनी कार्यकारिणी व सभी सदस्यों का सहयोग देने का धन्यवाद किया। इसके बाद गौशाला नया प्रधान बनाने के लिये सभी सदस्यों ने विचार करके ने सर्वसम्मति से राकेश गर्ग एमडी राघव इंडस्ट्रीज को आगामी 2 वर्षों के लिए प्रधान चुन लिया।



### भावी पीढ़ी के लिए मोदी को चुनें : सुमन सैनी

**करनाल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पत्नी सुमन सैनी ने रविवार को करनाल में कई सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत की। शाम को गौतमपुरा गामड़ी में शक्ति केंद्र की बैठक ली। कार्यक्रमों के दौरान सुमन सैनी ने जहां अध्यात्मिक और सामाजिक कार्य करने का संदेश दिया, वहीं लोगों से आह्वान किया कि देश में तीसरी बार लगातार मोदी सरकार चुनें। करनाल विधानसभा से नायब सिंह सैनी को विधायक चुनें। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सबसे ज्यादा वोटों से जितवाकर लोकसभा भेजें। कार्यक्रमों में सुमन सैनी के साथ करनाल की निवर्तमान मेयर रेणु बाला गुप्ता व अन्य महिला पदाधिकारी मौजूद रहीं। गौतमपुरा गामड़ी में शक्ति केंद्र बैठक को संबोधित करते हुए सुमन सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर वोट मांगें। करनाल की जनता से आह्वान करें कि वह नायब सिंह सैनी को विधायक बनाएं ताकि वह राजनीति के माध्यम से जन सेवा के कार्य निरंतर करते रहें।

## सीएम की पत्नी ने की भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक



**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी आज भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में पंहूची इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सभी जिला पदाधिकारी व सभी मंडल अध्यक्षों के साथ करनाल जिला की बूथ प्रबंधक और शक्ति केंद्र पर होने वाले पन्ना सम्मेलन की तैयारी हेतु बैठक की व अन्य संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। इस संगठनात्मक बैठक में उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को कहा कि सभी एकजुट होकर लोगो के घरों में जाकर भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे लोगों को बताकर लोकसभा एवं विधानसभा उप चुनाव के लिए भाजपा के पक्ष मे वोट डालने की अपील करें इस मौके पर उन्होंने कहा कि विकास कार्यों से लेकर नारियों को सम्मान देने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में सभी जगहों पर विकास कार्य निष्पक्ष कराए गये हैं और इन विकास कार्यों में और अधिक गति लाने के लिए विधानसभा में नायब सैनी को चुनने का कार्य करें।

## कौम की एकता ही सबसे बड़ी एकता

**करनाल।** महंत ब्रह्मदास महाराज गद्दीनशीन मुख्य डेरा भूमणशाह सिरसा ने कहा है कि कौम की एकता ही सबसे बड़ी एकता है, कौम में कोई कमजोर हो तो उसकी मदद कर उसे आगे बढ़ाना चाहिए। कौम का मान बढ़ने से हम सभी का मान बढ़ता है, हर कौम के शहीद सांझे होते हैं। देश की आजादी के नायक शहीद उधम सिंह जैसे शूरवीरों ने कांबोज कौम का नाम बढ़ाया है।

## 95 युवाओं को परिचय सम्मेलन में जीवन साथी मिले

■ सम्मेलन में 710 आफ लाइन तथा 1500 आनलाइन पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सिल्वर जुबली वैवाहिक युवक युवती परिचय सम्मेलन की घोषणा के साथ 24 वें वैवाहिक युवक युवती परिचय सम्मेलन का समापन हो गया। अग्रवाल युवा संगठन के प्रधान रमेश जिंदल के प्रयासों की झलक इसमें दिखाई दी। रविवार को हुए परिचय सम्मेलन में 95 युवाओं को जीवन साथी मिले। इस परिचय सम्मेलन के मंच पर 12 युवतियों ने तथा 123 युवकों ने परिचय दिया। जानकारी देते हुए अग्रवाल युवा संगठन के प्रधान रमेश जिंदल



बताया कि विवाह में होने वाली फिजूल खर्ची को रोकने तथा अग्रवाल युवक-युवतियों को जीवन साथी चुनने के लिए श्रेष्ठ मंत्र प्रदान करने वाले श्री राम लीला भवन रेलवे रोड में आयोजन किया। जिस के लिए 710 परिचय परिचय पुस्तिका में तथा 1500 युवक युवतियों के परिचय आन लाइन प्राप्त हुए। इनके माध्यम से साल भर रिश्ते होते रहेंगे। अब तक लगभग दो हजार लोगों को 24 सालों में जीवन साथी मिले। यह तीसरी पीढ़ी का सम्मेलन था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पत्नी सुमन सैनी थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में निवर्तमान मेयर रेनूवाला गुप्ता, हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रधान तथा अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता,तरावड़ी वरिंदर बंसल, रमेश गुप्ता, ब्रज गुप्त ,विजय गोयल, संजय जिंदल, संजय गंप्ता, वनीत गुप्ता, शीशपाल गुप्ता, विजय गोयल थे।

### कुरीतियां दूर होती हैं: सुमन

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद परिचय पुस्तिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन गौतम जैन तथा अरुण अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि सुमन सैनी ने कहा कि परिचय सम्मेलनों के माध्यम से लोगों को अपने बच्चों को जीवन साथी तलाशने में मदद मिलती है।

### ग्रामीण क्षेत्र की 75 प्रतिशत सड़कें ख़स्ताहालः गोराया

**तरावड़ी।** कड़ी मेहनत के बाद किसान के खेत में गेहूं पक कर तैयार हो चुकी है तथा कटाई के लिए तैयारियां की जा रही हैं परंतु सरकार द्वारा किसानों को ज़रूरी सुविधा भी नहीं दी जा रही यह वक्तव्य कांग्रेस पार्टी नेता एवं अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता इन्दरजीत सिंह गोराया ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की 75 प्रतिशत सडक़े टूटी हुई हैं तथा मंडी तक फसल ले जाते वक़्त दुर्घटनाएँ होती हैं। इसी प्रकार मंडी में मज़दूर व आढ़ती भी बीजेपी सरकार की ग़लत नीतियों का शिकार हुए हैं।





### नव सम्वत की पूर्व संध्या पर होगा कार्यक्रम

**करनाल।** श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार की ओर से नव सम्वत 2081 की पूर्व संध्या पर आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन 8 अप्रैल को किया जाएगा। गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन सानिध्य में यह कार्यक्रम द डिवाइन बैंक्वेट हॉल में होगा। महाबीर शर्मा भजनों के माध्यम से ईश्वर की महिमा का गुणगान करेंगे। रविवार को श्री कृष्ण जीओ गीता परिवार के सदस्यों ने प्रेसवार्ता कर कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी साझा की। इससे पहले मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष व श्री कृष्ण कृपा परिवार के मुख्य सेवक सतीश गुप्ता ने बताया कि भारतीय नववर्ष नव सम्वत 2081 की मंगलमय शुरूआत की जाएगी। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज अपने आशीर्वचनों से श्रद्धालुओं को गीता का संदेश देंगे और गायों की पूजा अर्चना करने का महत्व बताएंगे। स्वामी ज्ञानानंद जी देश दुनिया में गीता का प्रचार प्रसार किया है। 9 अप्रैल से भारतीय नववर्ष की शुरूआत होने जा रही है। उन्होंने बताया कि आठ अप्रैल को डिवाइन बैंक्वेट हॉल में कार्यक्रम शाम 6.30 बजे शुरू होगा।

## कमेटी गुरुद्वारों का प्रबंधन संभालने में विफल : झिंडा

■ शिरोमणि पंथक अकाली दल की बैठक में लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा शिरोमणि पंथक अकाली दल की एक अहम मीटिंग डेरा कार सेवा करनाल में पंथक अकाली दल के प्रधान जगदीश सिंह झिण्डा की अगुवाई में हुई जिसमें प्रदेश के विभिन्न-विभिन्न जिलों से जिला प्रधानों ने शिरकत की।
बैठक कई प्रस्ताव पास किए गए। जो हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की मौजूदा कार्यकारणी है जो कि भाजपा समर्थित है जो कि गुरुद्वारों का प्रबंध सम्भालने में पूरी तरह से फेल साबित हुई है जिसके चलते माननीय हाईकोर्ट ने कमेटी के सारे बैंक खाते सील करने के आदेश



जारी किए हैं जिससे साबित होता है कि कमेटी में बड़े पैमाने पर हेराफेरी हुई है। हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की मौजूदा कार्यकारणी जो भाजपा समर्थित है उनकी गलतीयों की वजह से और भाजपा के बनाए गए गरुद्वारों के प्रधान भुपिन्द्र असंध की गलतियों के कारण सरकार गुरुद्वारों के उपर अपना रिसिवर लगाने जा रही है हम सरकारी रसीवर का विरोध करते हैं और मांग करते है अगर रिसीवर नियुक्त किया जाना जरुरी है तो वह श्री अकाल तख्त के साहिब के द्वारा लगाया जाए और श्री अकाल तख्तसाहिब किसी पूर्व जत्थेदार या पूर्ण गुरुसिक्ख रिटायर जज को रिसीवर नियुक्त करे। हरियाणा कमेटी सही ढंग से चले व गुरु की गोल्क का दुरुपयोग ना हो इसके लिए हम हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व हरियाणा के गर्वनर को मिल कर अपनी बात रखेंगे।इस मौके पर अगामी लोकसभा चुनावों के लिए रणनीति पर विचार किया गया और सात मैम्बरी कोर कमेटी का गठन किया गया जो कि आने वाली 10 अप्रैल को पूरे हरियाणा का निरीक्षण करके अपना फैसला सुनाएगी।
इस मौके पर प्रधान करनैल सिंह निम्नाबाद, अवतार सिंह चक्कू, जिला यमुनानगर सिंह दलजीत सिंह बाजवा, कुरुक्षेत्र से हरमन जीत सिंह बुट्टर, अम्बाला से सुखविन्द्र सिंह बिट्टा पानीपत से सुरेन्द्र सिंह विर्क, करनाल से हरभजन संरा व रंजीत सिंह डाचर और सैंकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



### 19वां सामूहिक विवाहोत्सव आयोजित

**घरौंडा।** विशाल भगवती जागरण मंडल की ओर से 19 वां सामूहिक विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एसडी मंदिर में किया गया। जिसमें पांच जरुरतमंद कन्याओ की शादी कराई गई।। महोत्सव में मुख्य अतिथि समाजसेवी सुशील जैन ने मुख्य अतिथि,समारोह अध्यक्ष अनिल गर्ग व सम्मानीय अतिथि अनिल जैन पिंटा को आमन्त्रित किया गया,पर अनिल गर्ग ने अपने भाई व अनिल जैन ने व्यस्त हिने के कारण अपने पुत्र शुभम जैन को भेजा गया उन्होंने कहा विशाल भगवती जागरण मंडल हर वर्ष जरुरत मंद कन्याओ की शादी करवा कर एक सहरानीय कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक मंडल ने 149 कन्याओ की शादी करवा कर समाज को नई दिशा देने का काम किया है। रविवार को एसडी मंदिर में आयोजित शादी समारोह में गांव खरल निवासी पूनम संग गंजोगढ़ी निवासी राकेश कुमार, नगला मेघा निवासी कोमल संग गंजोगढ़ी निवासी मुकेश, चुंडीपूर निवासी काजल संग गढ़ी खजूर निवासी हर्ष, कचरोली निवासी प्रीति संग मुस्तफाबाद निवासी विकास व नगला मेघा निवासी अंजली संग कैरवाली निवासी सुखदेव विवाह बंधन में बधे।

## घोषणा पत्र लाएगा क्रांतिकारी परिवर्तन

■ देश व युवा का भविष्य उज्ज्वल व कल्याणमय करेगा कांग्रेस का हाथ : राजेश वैध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

हरियाणा लोकसेवा आयोग के पूर्व सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट व करनाल लोकसभा के डिवीजऩल कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर राजेश वैध ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र हमारे देश की बेहतरी के लिए हमारे वादों को दर्शाता है। पांच न्याय और 25 गारंटी के माध्यम से हम हर भारतीय के लिए सर्वश्रेष्ठ का वादा करते हैं। देशवासी इस नए संकल्प के साथ भारत के नए और सुनहरे कल के नर्मिाण के लिए आगे आए और कांग्रेस का हाथ मजबूत करें। उक्त विचार राजेश वैध ने तरावडी में पुरानी अनाज मंडी में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में रोजगार, सामाजिक न्याय के साथ-साथ लोकतांत्रिक मूल्यों की बात की है, पार्टी ने वादा किया है कि वो बिना भेदभाव के प्रत्येक नागरिक के हक, धार्मिक स्वतंत्रता और उनसे जुड़े हकों और संघवाद की रक्षा करेगी और लोकतंत्र की परिभाषा को चुनाव और वोट से आगे ले जाने की कोशिश करेगी। कांग्रेस ने युवाओं के रोजगार के संबंध में ट्रेनिंग के लिए लाख रुपये प्रति युवा देने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने किसानों से वादा किया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने वाला कानून भी लाया जाएगा।



तरावड़ी। लोगों को सम्बोधित करते हुये कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य प्रोफेसर राजेश वैध। फोटो : हरिभूमि

सांझा विरासत कार्यक्रम में रचनाकारों ने बांधा समां

# कब तलक इम्तिहान दूं अब तो जान पे बन आई...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कुंजपुरा गांव स्थित विकास क्लब भवन में रविवार को विकास क्लब साहित्य कला मंच के मासिक सांझा विरासत कार्यक्रम में रचनाकारों ने प्रस्तुतियों के माध्यम से समां बांधा। सिटीजन ग्रिवेंसिज कमेटी करनाल की चेयरपर्सन अंजू शर्मा ने रचना पेश करते हुए कहा कि कब तलक इम्तिहान दूं अब तो जान पे बन आई है, सोचती हूं जान दे दूं पर उसमें भी रुसवाई है...। सुख फाउंडेशन की चेयरपर्सन गुरविंद्र कौर ने कहा कि वो अगर अच्छा लगे उसका इरादा सोच मत, जी ले रिश्ता और रिश्ते का नतीजा सोच मत...। ममता प्रवीण ने कहा कि कोई दरिया पीकर भी प्यासा, किसी को बूंद में भी दिलासा...। कमलेश पालीवाल कमल ने कहा कि हम तो आपको भी पहचान लेते हैं, उड़ती चिड़िया के पर जान लेते हैं...। गुरमुख सिंह वड़ैच ने कहा कि निगाहें नीची करके चलना तो हया का इक बहाना है, असल में देखते चलते हैं वो अपने शबाब को...। हरबंस लाल पथिक ने कहा कि सीने से मेरे दिल को चुराकर ले गया कोई, चलो अच्छा हुआ जालिम बहुत परेशान करता था...। महाबीर गोयल पट्टी कल्याणा ने कहा कि दुआओं का कोई रंग नहीं होता, इन्हें देने का कोई ढंग नहीं होता...। गुलाब सिंह फक्कर ने कहा कि अभी जिद न कर ऐ जिंदगी, कभी फुर्सत से लिखेंगे तूझे भी...।

कार्यक्रम के आयोजक प्रेमपाल सागर ने बाल श्रम पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि बेबसी में क्या-क्या दुख उठा रहा बचपन, जुल्म की चक्की में पीसा जा रहा बचपन...। रामेश्वर देव ने कहा कि दिल में तमन्ना है और जिगर में हौसला मेरे, अंधेरों में भी साथ दिया तूने ए खुदा मेरे...। कवि मनोज मधुरभाषी ने कहा कि हवाओं ने हमको हंसाना छोड़ दिया...। सचिन पाल दिवाना ने कहा कि दर्द अब दर्द ना रहा...।

इस मौके पर राजपाल रोजड़ा, अंशुल राणा, हरिओम पांचाल, गुरमीत, सुरेश भाना, कपिल शर्मा, सुरेंद्र मचल, राममेहर, रामनिवास, पंकज गहलोत, सेजल गहलोत, बलराज, दीपक प्रजापति, तरुण, प्रवीण, सलिंद्र मचल, प्रवीण, सौरभ व अमित कामरा मौजूद रहे।



करनाल। कुंजपुरा स्थित विकास क्लब भवन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बुद्धिजीवी।

## खबर संक्षेप

### अधिकारियों ने मंडियों का निरीक्षण किया

**पानीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त पंकज कुमार ने मंडियों में रबी की फसलों की खरीद व्यवस्था का जायजा लेने के लिए शनिवार को गांव बाबरपुर, समालखा व पानीपत की अनाज मंडी का निरीक्षण किया। इस मौके पर समालखा एसडीएम अमित कुमार व मार्केट कमेटी के विभिन्न अधिकारी भी मौजूद रहे। दूसरी ओर, इसराना एसडीएम ज्योति मित्तल ने गेंहू व रबी की फसलों की खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शनिवार को इसराना और नौल्था अनाज मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर स्टॉक रजिस्टर चेक कर फसल की आवक की जानकारी भी ली। उन्होंने अनाज मंडी में मौजूद किसानों और आढ़तियों से बातचीत की और फसल खरीद की व्यवस्था को लेकर जानकारी ली। किसान मंडियों में अपनी उपज को सुखाकर ही बिक्री के लिए लाएं।

### आईबी कॉलेज में नेहा प्रथम

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग द्वारा बीए द्वितीय (इंग्लिश ऑनर्स) और बीए द्वितीय (ए) के विद्यार्थियों के लिए इंटर क्लास गतिविधि का आयोजन किया। वहीं प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा बीए द्वितीय वर्ष, वर्षा बीए द्वितीय वर्ष (इंग्लिश ऑनर्स) से और तीसरा स्थान जसमीत कौर बीए द्वितीय वर्ष (इंग्लिश ऑनर्स) से और सांत्वना पुरस्कार नेहा बीए द्वितीय वर्ष (इंग्लिश ऑनर्स) से रही।

### वोटर जागरूकता रैली निकाली

**पानीपत।** पानीपत जिला में मतदाताओं को वोट के प्रति जागरूक करने और शत प्रतिशत मतदान को लेकर स्वीप कार्यक्रमों के तहत विभिन्न जागरूकता अभियानों का आयोजन किया जा रहा हैं। एडीसी डॉ. पंकज ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को पानीपत के उग्राखेड़ी व बिंझौल गांव के विद्यार्थियों के साथ बीएलओ का कार्य देख रहे कर्मियों ने रैली निकालकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया।

### घर बैठे चुनाव की जानकारी लें

**पानीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि 18वें लोकसभा आम चुनाव के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से अनेक ऑनलाइन मोबाइल ऐप शुरू किए हुए हैं जो मतदाताओं के साथ-साथ उम्मीदवारों के लिए भी फायदेमंद हैं। इन एप्स का प्रयोग करके मतदाता व उम्मीदवार सरलतम तरीके से घर बैठे ही चुनाव से संबंधित नवीनतम जानकारियां ले सकते हैं तथा अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं।

### छात्रों ने देखी द मर्चेंट ऑफ वेनिस

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की ओर से बीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस के तहत विद्यार्थियों को विलियम शेक्सपीयर के द्वारा लिखे गए नाटक द मर्चेंट ऑफ वेनिस पर आधारित फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने किया उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शेक्सपीयर किसी एक देश के नहीं बल्कि पूरी दुनिया के साहित्यकार हैं। वे संसार के सबसे बड़े लेखक हैं तथा उनके साहित्य पर आधारित कई फिल्म हॉलीवुड और बॉलीवुड में देखने को मिलती है।

### स्वामी दयानंद ने सत्संग किया

**पानीपत।** श्री संत द्वारा हरि मंदिर सेठी चौक के प्रांगण में पूज्य 1008 स्वामी दयानन्द सरस्वती जी महाराज मुरथल वाले की अध्यक्षता में सप्ताह भर चलने वाले संत समागम कार्यक्रम के पांचवें दिन महाराज श्री ने प्रवचन किया। इस अवसर पर ब्रह्मऋषि श्री नाथ जी महाराज, रमेश चुघ प्रधान, हरनाम चुघ, उत्तम आहूजा, ईश्वर लाल रामदेव, किशोर रामदेव, दर्शन रामदेव, कर्म सिंह रामदेव, अमरजीत सपड़ा, महेन्द्र चुघ, गोल्डी बांगा आदि मौजूद रहे।

## हरियाणा की गोशाला महासंघ की बैठक आयोजित

# मंजूर ग्रांट नहीं दिए जाने से गोशाला महासंघ नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में जीटी रोड स्थित गोशाला में रविवार को गोशाला महासंघ की राज्य स्तरीय बैठक हुई। जिसमें प्रदेश के लगभग सभी जिलों के अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में गोशालाओं के लिए बनाई गई विभिन्न पॉलिसियों का विरोध किया। स्मरणीय है कि हरियाणा सरकार ने गोशालाओं के लिए 456 करोड़ रुपये बजट बनाया था, लेकिन एक साल में सिर्फ 80 करोड़ रुपये की ग्रांट ही जारी की। मंजूर ग्रांट नहीं दिए जाने से हरियाणा गोशाला महासंघ नाराज है। इधर, बैठक संपन होने के बाद महासंघ के प्रदेश संयोजक कुलवीर खर्ब ने कहा कि ग्रांट को लेकर बैठक में सभी ने एकमत होकर कड़ा फैसला लिया है कि अगर सरकार, आचार संहिता हटने के बाद गोशाला संघ की मांगों को पूरा नहीं करेगी, तो प्रदेश की सभी गोशालाओं के दरवाजे खोल दिए जाएंगे। सभी नंदियों को सड़कों पर छोड़ दिया जाएगा। खर्ब ने कहा कि गोशाला में चारा, कंस्ट्रक्शन और अन्य सुधार के लिए प्रति गोवंश 750-750 रुपये एक साल में दो बार जारी किए गए, इसके बाद राशि नहीं दी गई। इतना ही नहीं चारा ग्रांट के लिए डॉक्यूमेंट मंगा लिए, 31 मार्च से पहले देने की बात कही थी, लेकिन राशि दी नहीं। ग्रांट मिली होती तो गेहूं की कटाई से गोशाला वाले चारा स्टॉक कर लेते। इसके अलावा दारू की बोतल पर एनवायरमेंट एंड एनिमल वेलफेयर सेस लगाकर हर माह 100 करोड़ रुपये जमा किए गए हैं, लेकिन अब तक खर्च नहीं किया। इसी तरह से सड़कों पर घूम रहे पशुओं को गोशाला में रखने पर छोटे पशु के लिए 20 रुपये प्रतिदिन, गाय के लिए 30 रुपये और नंदी यानी सांड के लिए 40 रुपये प्रतिदिन देने की घोषणा की गई। उन्होंने कहा कि जनवरी से ही गोशालाओं ने आवारा पशुओं को लेना शुरू कर दिया, लेकिन सिर्फ भिवानी में एक गोशाला को पैसा दिया है। अन्य किसी भी गोशाला को ये राशि नहीं दी गई। इसके अलावा सरकार ने एक अन्य पॉलीसी गोचराण जमीन बनाई थी। जिसमें नई गोशाला खोलने के लिए 100 गोवंश पर पौना एकड़ जमीन और 100 गोवंश के लिए चारा बिजाई के लिए डेढ़ एकड़ जमीन का प्रावधान किया था। लेकिन पॉलिसी बनने के 4 साल बाद तक भी यह पॉलिसी लागू नहीं की गई। आज तक किसी भी गौशाला को एक इंच जमीन भी नहीं मिली। इसलिए मांग है कि ऐसी कोई भी पॉलिसी न बनाई जाए, जिससे कि गोभक्तों में रोष हो। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रोहतक निवासी जगदीश मलिक, प्रदेश महामंत्री सिरसा से अजीत सिहाग, प्रदेश उपाध्यक्ष राजरूप पानू पानीपत, प्रदेश कोषाध्यक्ष लाजपत कत्याल, पानीपत जिला अध्यक्ष रविंद्र कादियान, पशु कष्ट निवारण समिति के सह कोषाध्यक्ष सविता आर्या आदि मौजूद रहे।



पानीपत। हरियाणा गौशाला महासंघ के पदाधिकारीगण बैठक करते हुए।

# साधना से प्राप्त होते हैं भगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मॉडल टाउन में स्थित सनातन धर्म मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक पंडित राधे राधे महाराज ने व्यास मंच से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक होता है गोल्ड प्लेट, पानी चढ़ जाए और एक होता है स्वर्ण। गोपी वो नहीं है जो पीतल के ऊपर सोना चढ़ा हो। वो जीव नहीं है। हम जीव हैं तो जीव ही रहेंगे। यही अचिंत भेदाभेद सिद्धांत का स्वरूप है। यही हमारे महाप्रभु के सिद्धांत का स्वरूप है। सर्वप्रथम ईश्वर गोयल, मुकेश गोयल, संतकुमार गोयल, रामकुमार गोयल, गौरव गोयल ने पीठ पूजन एवं ग्रंथ पूजन किया एवं राधे राधे महाराज को तिलक लगाकर सम्मानित किया। राधे राधे महाराज ने कहा कि पीतल पर अलग से सोने का पानी चढ़े अलग बात है। थोड़ी देर बाद निकल सकता है, बह सकता है, फट सकता है पर जब खरा सोना होगा उसको मिट्टी में भी फेंक दो, थोड़ा सा पानी मारो वैसा ही चमक जाएगा। यही गोपी का परम स्वरूप है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को साधना करने से भगवान प्राप्त होते है। इस अवसर पर धीरज छाबड़ा, नंदकिशोर छाबड़ा, सनातन धर्म मंदिर के प्रधान तरुण गांधी, तिलक राज मिगलानी, वैभव छाबडा, ओम प्रकाश विरमानी आदि मौजूद रहे।



पानीपत। सत्संग करते हुए पंडित राधे राधे।

- राधे राधे महाराज को तिलक लगाकर सम्मानित किया

### हर बूथ पर चिकित्सा स्टाल लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की मीटिंग भाजपा आफिस जीटी रोड पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट की अध्यक्षता में हुई। जिसमें लोकसभा चुनाव बारे चर्चा की गई। सभी से राय लेने के बाद यह निर्णय लिया गया की जल्दी ही हर मंडल में चिकित्सा प्रकोष्ठ की मीटिंग आयोजित की जाएगी और सभी चिकित्सक अपने अपने एरिया में मनोहर लाल के लिए वोट और सपोर्ट मांगेंगे। चुनाव वाले दिन हर बूथ पर चिकित्सक अलग स्टाल लगाएंगे।

### अवैध हथियार का सप्लायर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने नारायणा गांव के नजदीक युवक से हथियार के बल पर बाइक व मोबाइल फोन लूटने वाले आरोपियों को अवैध देसी पिस्तौल सप्लाई करने वाले आरोपी गुलजार निवासी गांव रंछार जिला बागपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि लूट के इस मामले में थाना समालखा में मंगत राम पुत्र माइचंद निवासी गांव मांडी की शिकायत पर केस दर्ज है।

### मादक पदार्थ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने देशराज कॉलोनी में बाइक सवार नशा तस्कर शाहिद पुत्र नूर मौहम्मद निवासी बेरी वाली मस्जिद हनुमान कॉलोनी, पानीपत को 700 ग्राम गांजा सहित काबू किया। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट तहसीलदार वीरेंद्र की मौजूदगी में आरोपी से मादक पदार्थ बरामद की है।

# निराला धाम में हुए वार्षिकोत्सव में 108 कन्याओं का पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की बिशनस्वरूप कॉलोनी स्थित निराला धाम में तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव समापन हो गया। वार्षिक महोत्सव में श्री सदगुरू महाराज आशा भारती की अध्यक्षता में स्वामी दयानंद सरस्वती, हरिद्वार से स्वामी अरुण दास, पानीपत से स्वामी नाथ, सतगुरु कांता देवी ने अपने प्रवचनों से भक्तों को निहाल किया। समिति प्रेस प्रवक्ता हरीश मल्होत्रा ने बताया ब्रहमलीन निराला स्वामी लहरी बाबा की सद्प्रेणा से समिति हर वर्ष नर सेवा नारायण सेवा के अंतर्गत देश व समाज हित में कार्य करती रहती है। जैसे गरीब असहाय लोगों की राशन सेवा, गरीब लड़कियों की शादियों में सहयोग, हॉस्पिटल में दवाई की व्यवस्था आदि शामिल हैं। वहीं यज्ञ में 108 कन्या पूजन, 108 गो ग्रास, 108 ब्राह्मण पूजा तत्पश्चात विशाल भंडारा लगाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सतपाल मल्होत्रा, कपिल मुखीजा, रेनू ठकराल, सुरेंद्र रेवाड़ी, गोपाल तायल, विजय जैन, सुरेश मलिक, विपिन बठला, अशोक गांधी रहे। सभी का यहां पहुंचने पर आयोजकों द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया। वहीं सुर सम्राट लेखराज जताना ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर समिति के प्रधान सतीश अघी, जोगेंद्र चन्ना, विशाल खुराना, कैलाश लूथरा, किशोर वर्मा, अमित मल्होत्रा, कमल नयन वर्मा, दीपक मल्होत्रा आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। निराला धाम के वार्षिकोत्सव में भजन सुनाते हुए लेखराज जताना।

# पुलिस ने लौटाया महिला का गुम हुआ मोबाइल व पर्स

**समालखा।** जीआरपी समालखा चौकी के अधिकारियों ने एक महिला को उसका पर्स तथा 5400 की नगदी वापस लौटा कर ईमानदारी का सबूत दिया है। बता दें कि एक महिला शिव मार्केट से स्टेशन के पास से रिक्शा में बैठकर अपने घर जा रही थी। किसी कारण से वह महिला रिक्शा में अपना पर्स भूल गई। रिक्शा चालक कई बार इधर उधर चक्कर लगा चुका था उसने भी उसे पर्स को नहीं देखा। एक दूसरे रिक्शा वाले नरेश की नजर उस पर पड़ गई। उसने वह पर्स उठाकर पुलिस चौकी इंचार्ज जगबीर तथा दलेल एएसआई को सौंप दिया। उन्होंने पर्स में मिला मोबाइल फोन व 5400 की राशि मिली। मोबाइल नंबर से फोन मिलाया तथा महिला को जीआरपी चौकी समालखा बुलाया तथा महिला को उसका पर्स मोबाइल फोन तथा 5400 रुपये लौट कर ईमानदारी का परिचय दिया। महिला नेचौकी इंचार्ज तथा अन्य पुलिस कर्मियों का धन्यवाद किया।



# पानीपत की मंडियों में सरसों व गेहूं की खरीद में लापरवाही न हो

- अतिरिक्त मुख्य सचिव ने पानीपत के अधिकारियों के साथ बैठक कर सरसों व गेहूं की खरीद की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा सरकार में जन स्वास्थ्य एवं उर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह ने रविवार को जिला सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में गेहूं एवं सरसों की खरीद की स्थिति के बारे में जानकारी ली व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सिंह ने अधिकारियों को कहा कि मंडियों में बिजली, पानी व अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। वही, खरीद सीजन के दौरान लिफ्टिंग का कार्य गति से करवाएं। इस कार्य में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। मंडियों में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। अधिकारी मंडियों में हर प्रकार की सुविधा मुहैया कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने मंडियों में बार-दाने की स्थिति के अलावा पिछले वर्ष सरसों और गेहूं की पैदावार के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने फसलों की क्षमता के बारे में भी मड़ियों के अनुसार जानकारी ली। बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज ने अतिरिक्त मुख्य सचिव सिंह को आश्वस्त किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। उनको मिलने वाली हर सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है। सरसों की खरीद के लिए जिले में 6 मंडियां निर्धारित हैं। इनमें अब तक 2141. 93 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है व 60 प्रतिशत लिफ्टिंग हो चुकी है। 4 हजार मीट्रिक टन के करीब खरीद का अनुमान है। हैफेड द्वारा सरसों की खरीद का कार्य मंडियों में किया जा रहा है। एडीसी डॉ. पंकज ने बताया कि मंडियों मे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसको लेकर अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। 1 मई तक सरसों व 15 मई तक गेहूं की खरीद का कार्य जारी रहेगा। जिन किसानों ने फसल का पंजीकरण कराया है उनकी ही फसल की खरीद मंडियों में की जा रही है। इस मौके पर अतिरिक्त निगम आयुक्त नरेंद्र पाल मलिक ,एसडीएम अमीत कुमार ,समालखा, एसडीएम ज्योति मित्तल, इसराना, एमडी शुगर मिल जगदीप ढांडा, डीएफएससी आदित्य कौशिक, डीएसपी धर्मवीर खर्ब आदि मौजूद रहे।



पानीपत। पानीपत के जिला सचिवालय में बैठक करते हुए प्रशासनिक अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

# रक्तदान से शरीर की इम्युनिटी बढ़ती है

**पानीपत।** अपोलो टीएमटी के सौजन्य से रविवार को रक्तदान शिविर में महिला रक्तदाता को सम्मानित करते हुए हरियाणा लोहा व्यापार संघ के चेयरमैन जयपाल सिंह और पवन लकड़ा, प्रमोद शर्मा, डा. पूनम सिंगल, ललित आदि ने कहा कि रक्तदान करना नेक कार्य किया। वहीं रक्तदान शिविर में मुख्य मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट रहे। उन्होंने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर अपोलो टीएमटी के डिस्टब्यूटर और श्री राम स्टील के मालिक मार्विन चौधरी सहित अपोलो टीएमटी की पूरी टीम मौजूद रही। रक्तदाताओं को मेडल पहना कर उनका हौंसला बढ़ाया गया। टीम अपोलो ने रक्तदाताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और डॉ.पूजा और पवन को सफल रक्तदान शिविर की बधाई दी और भविष्य में भी रेड क्रास को अपोलो टीएमटी द्वारा इस तरह के समाजिक आयोजन करवाने का भरोसा दिलाया। वहीं पवन लाकड़ा को उनके 66वें रक्तदान के लिए मुख्य रूप से सम्मानित किया गया।रक्तदान से शरीर की इम्युनिटी बढती है। वहीं मुख्यातिथि लोहा व्यापार संघ के चेयरमैन जयपाल सिंह ने आयोजनकर्ताओं श्री राम स्टील टीम, अपोलो टीम निफ्टा, रक्तदान सेवा समिति और जिला रैड क्रास सोसायटी को सफल आयोजन की बधाई दी।



# समालखा में जिस जगह पर गाय काटने का हत्था लगना था वहां पर गोशाला बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

चुलकाना धाम मंडल भाजपा मीडिया प्रभारी सोनू शर्मा छदिया ने बताया कि 100 वर्ष पहले चुलकाना रोड समालखा में श्री कृष्ण आदर्श गोशाला बनी हुई है। जो समालखा और इसके आस पास के गांवों की सबसे पुरानी गोशाला है। इसकी नींव विश्व प्रसिद्ध साँगी पंडित लख्मीचंद जांटी वाले ने रखी थी। अंग्रेजों का शासन था और इस जगह पर मुसलमानों ने गाय काटने हत्था लगाने का प्रयास किया। वहीं समालखा के आसपास के गांव चुलकाना, किवाणा, कलियाणा, नारायणा, मनाना, पावटी, जौरासी, डिकाडला व भोडवाल माजरी गांवों के लोगों ने हत्थे का विरोध किया और यहां हत्थे की जगह गोशाला बनवाई। बुजुर्गों से जब इसके बारे में जानकारी ली गई तो बुजुर्गों ने बताया कि रोहतक शहर तक के व्यक्ति यहां हत्थे का विरोध करने में शामिल हुए।

वहीं पंडित विष्णु दत्त को राजेश शर्मा पट्टीकल्याणा, पार्षद संजय गोयल, बलवान पहलवान चुलकाना, भाजपा मीडिया प्रभारी सोनू शर्मा छदिया ने दादा लख्मीचंद की आरती और चालीसा का मोमेंटो देकर सम्मानित किया।



पानीपत। सूर्य कवि पंडित लख्मी चंद के सुपौत्र पंडित विष्णु दत्त को सम्मानित करते हुए मेजबान। फोटो :हरिभूमि

# किवाना ने गन्नौर रॉयल्स को पांच विकटों से हराया

***पानीपत।** डीआर कॉलेज क्रिकेट मैदान गांव काकोदा में खेली जा रही 20-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत रविवार को ग्यारहवें लीग मैच में किवाना की टीम ने गन्नौर रॉयल्स की टीम को 5 विकेट से हराया, पहले खेलते हुए गन्नौर रॉयल्स ने नीतेश के 54 रनों की मदद से 20 ओवर में 135 रन बनाये जिसके जवाब में किवाना की टीम ने 5 विकेट पर 139 रन बनाकर 5 विकेट से मैच जीत लिया, नाबाद 44 रन बनाने वाले मंजीत मैन ऑफ द मैच चुने गए, बारहवें मैच में शामड़ी क्रिकेट टीम ने पहले खेलते हुए गौरव चौहान के 49 रन की सहायता से 186 रन बनाए लेकिन दिनेश खुबड़ इलेवन ने राजेश पांचाल के 66 रन की सहायता से 15 ओवर में ही 190 रन बनाकर 5 विकेट से मैच जीत लिया, 28 गेंद में 66 रन बनाने वाले राजेश मैन ऑफ द मैच बने, अपने अपने अंतिम लीग मैच जीतकर किवाना व खुबड़ टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया, किवाना व खुबड़ के साथ साथ स्वैट बॉक्स दिल्ली व बुआना लाखू की टीमें भी सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं, सेमीफाइनल मुकाबले रविवार 14 अप्रैल को खेले जायेंगे,रविवार के मैचों में बुआना लाखू के कुश्ती कोच नरेंद्र मलिक ने क्रिकेट टीमों के खिलाड़ियों खेल भावना से खेलने की प्रेरणा दी व खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया, सभी टीम कप्तान ने कोच नरेंद्र मलिक को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर आकाश मलिक कोच, अशोक शर्मा, दीपक मलिक,अमित खोखर, मोनू, सुमित, जयबीर, सोमबीर, मनोज छौक्कर, ओमपाल शर्मा, दिनेश धनखड़ आदि मौजूद रहे*



# एसडी कॉलेज के निखिल ने कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी टॉप की

***पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के पांच होनहार प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने एमएससी केमिस्ट्री (रसायन शास्त्र-तृतीय सेमेस्टर) की परीक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त किए है। प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोडा ने बताया कि निखिल ने 316 अंक के साथ पहला, यश ने 280 अंक के साथ दूसरा, दीक्षा ने 276 अंक के साथ पांचवां, पूनम ने 275 अंक के साथ छठा और मंजू ने 270 अंक के साथ आठवां स्थान हासिल कर इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को प्राप्त किया। प्रधान दिनेश गोयल और प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने मेधावी छात्र-छात्राओं पर गर्व करते हुए निखिल, यश, दीक्षा, पूनम और मंजू की मेहनत और लगन की भरपूर सराहना की। रसायन स्नातकोत्तर विभाग से डॉ. प्रोमिला, प्रो. शिवी, प्रो भाविका, प्रो कीर्ति और प्रो प्रियंका ने निखिल, यश, दीक्षा, पूनम और मंजू की उपलब्धि की जमकर तारीफ की और उनके भविष्य को उज्जवल और सुनहरा बताया। प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोडा ने बताया कि एसडी पीजी कॉलेज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रसायन विभाग के अतिरिक्त एमएससी केमिस्ट्री विषय को प्रारम्भ करने वाला एक अग्रणी कॉलेज है जिससे जिले और आस-पास के राज्यों के विद्यार्थियों को अत्यधिक लाभ हुआ है। हर्ष की बात यह है कि इस पाठ्यक्रम के प्रारम्भ होने के बाद से ही एमएससी रसायन के अनेकों विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी मेरिट लिस्ट में सर्वोच्च स्थान पाकर अपना भविष्य उज्ज्वल किया है और कॉलेज को गौरवान्वित किया है। इधर, मेधावी विद्यार्थ्यों निखिल, यश, दीक्षा, पूनम और मंजू ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और प्राध्यापकों को दिया।*





### शतप्रतिशत वोटिंग कर प्रजातंत्र को मजबूत करें वोटर : रंजीता

**पानीपत।** फैला उजियारा फाउंडेशन की प्रदेशाध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने जिले के गांव बलाना मे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों को लोकसभा चुनाव में वोटिंग के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि संविधान ने हमें वोट का अधिकार दिया हुआ है। हमें अपने वोट का सही तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए। हमें चरित्रवान प्रत्याशी के पक्ष में वोटिंग करना चाहिए। ताकि देश का और अधिक विकास हो सके। उन्होंने लोगो को जागरूक करते हुए कहा कि हमें ऐसी प्रत्याशी का चयन करना चाहिए जो जनता के प्रति समर्पित हो जनता के हित की बात करता हो। जनता के लिए कार्य करता हो, शिक्षित हो व समाज में जिसकी अच्छी छवि हो। कुमारी रंजिता ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत जितना अधिक होगा प्रजातंत्र उतना ही मजबूत होगा। जनता देश की तरक्की के लिए आगे आए और बढ़-चढ़ कर वोटिंग करें।

जानकारी

## क्लासिकल होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. जयश्री मलिक ने कहा, गेहूं से होता है सीलिएक रोग

# फसल कटाई के दौरान एलर्जी से बचाव करें नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



- ऐसी ऑटोइम्यून स्थितियों का इलाज केवल क्लासिकल होम्योपैथी में ही संभव

क्लासिकल होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. जयश्री मलिक ने कहा कि गेहूं में विभिन्न प्रोटीन होते हैं, और उनमें से एक प्रमुख है ग्लूटेन। जब किसी व्यक्ति को यह एलर्जी होती है, तो वह ऐसा कुछ भी नहीं पी या खा सकता है जिसमें सामान्य तत्व हों और समस्या एक ऑटोइम्यून स्थिति है। ऐसी ऑटोइम्यून स्थितियों का इलाज केवल क्लासिकल होम्योपैथी में ही संभव है।

### गेहूं से होने वाली एलर्जी के लक्षण

डॉ. जयश्री मलिक ने बताया कि गेहूं की एलर्जी की अभिव्यक्तियों में त्वचा की जलन, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल असुविधा, श्वसन संबंधी समस्याएं और बहुत कुछ शामिल हैं। त्वचा पर खुजली, जलन और सूजन, पेट फूलना, आंखों में खुजली होने लगती है और पानी आने लगता है, आंखें लाल हो जाती हैं, घबराहट या दमा का लक्षण,पेट में ऐंठन, त्वचा पर धब्बे होना। डॉ. जयश्री मलिक ने कहा कि क्लासिकल होम्योपैथी एक समग्र दृष्टिकोण का पालन करती है इसीलिए इसमें समस्या के मूल कारण पर जोर दिया जाता है। होम्योपैथिक डॉक्टर उपचार योजना प्रदान करता है जो संपूर्ण स्वास्थ्य में बदलाव सुनिश्चित करता है। एलर्जी दूर करने के लिए होम्योपैथी में कई तरह की दवाइयां उपलब्ध है लेकिन ध्यान रखें कि इन दवाइयों का इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह अनुसार ही करें दवा कैसे, कब और कितनी मात्रा में लेनी है इसके लिए डॉक्टर की सलाह जरूर ले डॉक्टर आपकी स्थिति अनुसार आपको डोज निर्धारित करता है।

